an>

Title: Need to take stringent action against education mafia in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में, विशेÂषकर बिहार में शिक्षा माफिया के द्वारा कहर जारी है।

महोदय, बिहार सरकार की शह पर शिक्षा माफिया पूरी तरह से छात्रों पर कहर ढा रही है। पटना में कल छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। वहीं मेरे क्षेत्र के बक्सर डुमराँव लख डॉ. गोपाल कुमार की उनके नर्सिंग होम में घुस कर हत्या कर दी गयी। बिहार में लगातार अपराध, हत्या और बलात्कार आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरकर बैठी है।

महोदय, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि शिक्षा माफिया के द्वारा संचालित प्राइवेट स्कूल के छात्रों के साथ इतना जबरदस्त आतंक मचाया जा रहा है, जो कि विगत 28 तारीख को पटना के डीपीएस स्कूल के एक बच्चे ने विद्यालय की छत से छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। वहीं 29 जुलाई को पूर्णिया में माउन्ट जॉन स्कूल की एक छात्रा की विद्यालय परिसर में रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गयी। बिहार में विगत एक वÂाऩ में सौ से भी ज्यादा छात्रों की प्राइवेट स्कूल प्रशासन की प्रताड़ना के कारण मौत हो गयी है। साथ ही प्राइवेट स्कूलों के द्वारा डेवलपमेंट फीस और मैंटेनंस फीस के नाम पर अभिभावकों की जेब काटी जा रही है। पैसे कमाने के लिए मासिक फीस को बैंक मैंडेट और ऑनलाइन के माध्यम से लिया जाता है और बैंक की गलती एवं इन्टरनेट सर्वर की दिक्कतों के लिए भी अभिभावकों से ही पेनल्टी के रूप में प्रतिमाह पैसा वसूला जाता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि बिहार सरकार को निर्देशित करे कि वह प्राइवेट स्कूलों एवं शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई करे तथा इन घटनाओं की निÂपक्ष जांच कर अविलम्ब कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए हत्यारों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Ajay Misra Teni.